# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

**दिनांक : 08.05.2026** **समय : 1905**

1. सुभेंदु अधिकारी पश्चिम बंगाल के नए मुख्यमंत्री होंगे। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने श्री अधिकारी के चयन की औपचारिक घोषणा की।
2. आकाशवाणी की राष्ट्र सेवा के नब्बे वर्ष पूर्ण होने पर राष्ट्रीय राजधानी में भव्य मैराथन को वरिष्ठ अधिकारियों ने हरी झंडी दिखाई।
3. अंडमान निकोबार द्वीप समूह में ग्यारह मई को सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का मज़ार पहाड़ स्थित शिव मंदिर में आयोजन किया जाएगा। पर्व का शुभारंभ कलश यात्रा से होगा।
4. प्रशासनिक कारणों से एम वी कालीघाट और एम वी भारत सीमा के संचालन समय में परिवर्तन किया गया है। जहाजरानी सेवा निदेशालय ने नई समयसारणी जारी की।

<><><><><><><>

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता सुभेंदु अधिकारी पश्चिम बंगाल के नए मुख्यमंत्री होंगे। कोलकाता में आज उन्हें भाजपा विधायक दल का नेता चुना गया। श्री अधिकारी राज्य के पहले भाजपा मुख्यमंत्री बनेंगे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में भाजपा विधायक दल की बैठक में श्री अधिकारी को विधायक दल का नेता चुना गया। श्री शाह ने बताया कि बैठक में केवल श्री अधिकारी का ही नाम नेता के लिए प्रस्तुत किया गया। इसके बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने श्री अधिकारी के चयन की औपचारिक घोषणा की। नई भाजपा सरकार का शपथ ग्रहण समारोह कल कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में होगा।

<><><><><><><>

आकाशवाणी ने राष्ट्र के प्रति अपनी विशिष्ट सेवा के 90 वर्ष के उपलक्ष्य में आज राष्ट्रीय राजधानी में मैराथन का आयोजन किया। लगभग साढ़े तीन किलोमीटर की मैराथन की शुरूआत आकाशवाणी भवन से हुई। यह मैराथन कृषि भवन, रेल भवन, रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया से गुजरते हुए आकाशवाणी भवन पर समाप्त हुई। मैराथन पूरा करने वाले सभी प्रतिभागियों को पदक प्रदान किए गए। वहीं पुरूष और महिला दोनों वर्गों में शीर्ष तीन प्रतिभागियों को ट्रॉफी प्रदान की गई। प्रसार भारती के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव द्विवेदी और आकाशवाणी के महानिदेशक राजीव कुमार जैन ने इस मैराथन को रवाना किया। इस अवसर पर आकाशवाणी के महानिदेशक राजीव जैन ने कहा––

<><><><><><><>

मध्योत्तर अंडमान द्वारा कल कृषि विज्ञान केंद्र परिसर में सीप मशरूम उत्पादन पर एक फील्ड डे कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों एवं ग्रामीण महिलाओं को वैज्ञानिक तरीके से ऑयस्टर मशरूम उत्पादन तथा टिकाऊ फसल अवशेष प्रबंधन के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के दौरान गृह विज्ञान विषय विशेषज्ञ यथार्थ शर्मा ने ऑयस्टर मशरूम उत्पादन की विभिन्न तकनीकों की जानकारी दी। उन्होंने इसे ग्रामीण परिवारों एवं महिला उद्यमियों के लिए आयवर्धक गतिविधि बताया। कृषि विज्ञान विशेषज्ञ डॉ. राकेश डावर ने फसल अवशेष प्रबंधन एवं टिकाऊ कृषि पद्धतियों पर किसानों से संवाद किया। उन्होंने कृषि अपशिष्ट एवं फसल अवशेषों का उपयोग वर्मी कम्पोस्ट एवं मशरूम सब्सट्रेट तैयार करने पर बल दिया। किसानों के मशरूम उत्पादन, पोषक तत्व प्रबंधन एवं फसल उत्पादन से जुड़े प्रश्नों का समाधान किया गया। कार्यक्रम का आयोजन आई सी ए आर–सी आई ए आर आई, श्री विजयपुरम के कार्यवाहक निदेशक जय सुंदर के मार्गदर्शन में हुआ, जिसमें लगभग 20 किसानों एवं ग्रामीण महिलाओं ने भाग लिया।

<><><><><><><>

भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व – 1000 संघर्षों के बीच अटूट आस्था और दृढ़ता के वर्ष का आयोजन 11 जनवरी 2026 से चल रहा है। यह आयोजन अगले वर्ष ग्यारह जनवरी तक चलेगा। वर्ष एक हजार छब्बीस में सोमनाथ मंदिर पर हुए प्रथम आक्रमण के 1000 वर्ष तथा मई 1951 में मंदिर के पुनर्निर्माण और उद्घाटन के पिचहत्तर वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित किया जा रहा है। कला एवं संस्कृति विभाग द्वारा ग्यारह मई को राज्यस्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह साढ़े नौ बजे से मजार पहाड़ स्थित शिव मंदिर में होगा। कार्यक्रम के तहत फ्लैग प्वाइंट के निकट अय्यनार मंदिर से 'कलश यात्रा' निकाली जाएगी, जिसमें महिलाओं एवं विभिन्न सामुदायिक समूहों की भागीदारी रहेगी। यह यात्रा शिव मंदिर में संपन्न होगी। कला एवं संस्कृति विभाग की निदेशक प्रियंका कुमारी ने नागरिकों से इस ऐतिहासिक आयोजन में भाग लेने की अपील करते हुए कहा––

<><><><><><><>

सूचना, प्रचार और पर्यटन निदेशालय की ओर से शहीद द्वीप में पैरासेलिंग गतिविधियों के संचालन हेतु पात्र पर्यटन हितधारकों, जलक्रीड़ा संचालकों और नौका संचालकों से आवेदन आमंत्रित किए है। इच्छुक आवेदकों को निर्धारित प्रारूप में अपने आवदेन सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ जमा करने होंगे। आवेदन का प्रारूप विभाग के एडवेन्चर वाटरस्पोर्टस सेक्शन से प्राप्त किए जा सकते है।

<><><><><><><>

प्रशासनिक कारणों के चलते जहाजरानी सेवा निदेशालय द्वारा घोषित जलयान कार्यक्रम में संशोधन किया गया है। अब एम वी कालीघाट एम वी भारत सीमा के स्थान पर चौदह मई को सुबह सात बजे लिटिल अंडमान, कार निकोबार चौरा, तेरेसा, कच्छाल और ननकौड़ी होते हुए कैम्पबेल बे के लिए रवाना होगी और सत्रह मई को रात नौ बजे इन्हीं मार्गों से होते हुए वापस लौटेगी।

एम वी भारत सीमा सोलह मई को रात्रि आठ बजे हैडो जेट्टी से छूटकर मायाबन्दर होते हुए डिगलीपुर के लिए रवाना होगी, और इसकी वापसी अगले दिन दोपहर दो बजे डिगलीपुर से श्री विजयपुरम के लिए होगी।

उधर, एम वी कालीघाट, एम वी सेंटीनल के स्थान पर सताईस मई को सुबह सात बजे श्री विजयपुरम से लिटिल अंडमान, कार निकोबार, चौरा, तेरेसा कच्छाल और ननकौड़ी होते हुए कैम्पबेल के लिए रवाना होगी और तीस मई को दोपहर बारह बजे कैम्पबेल बे से इसी मार्ग से होते हुए श्री विजयपुरम लौटेगी।

<><><><><><><>

वीर सावरकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के पुराने टर्मिनल भवन के सामने निकास द्वार के पास एंटी–नारकोटिक्स पुलिस ने लगभग दो किलोग्राम से अधिक अवैध गांजा के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई का नेतृत्व एंटी–नारकोटिक्स पुलिस स्टेशन के इंस्पेक्टर के. बिनोज ने किया। आरोपी का नाम जमीरुद्दीन गाजी है जो कोलकाता से इंडिगो फ्लाइट द्वारा राजधानी श्री विजयापुरम् पहुंचा था। पुलिस को तलाशी के दौरान उसके बैग से गांजा मिला। मामले की जांच जारी है तथा सप्लाई चेन और अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। यह कार्रवाई उप पुलिस अधीक्षक नारकोटिक्स सुम्मा मड्डा तथा सी आई डी उप पुलिस महानिरीक्षक राजेश देव की देखरेख में की गई। पुलिस ने जनता से अपील की है कि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि के पाए जाने पर पुलिस को सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

<><><><><><><>

टेलराबाद क्षेत्र में एच टी और एल टी लाइन के मरम्मत कार्य किए जाने के चलते कल सुबह आठ बजे से दोपहर एक बजे तक टेलराबाद, बिम्बलीटान, सिप्पीघाट, जोड़ाकनाल और नयाशहर में बिजली की आपूर्ति बाधित रहेगी। यह कार्य मौसम पर निर्भर करेगा।

<><><><><><><>